हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 हितग्राहियों को एक साथ मिलेगा तीन महीने की राशन, दुकानों में भंडारण शुरू





## खबर संक्षेप

### अवैध कबाड़ पर कार्रवाई, 2 आरोपी पकड़ाए

रायगढ़। थाना प्रभारी छाल को एक व्यक्ति ऑटो वाहन क्रमांक सीजी 12 ए एक्स 0598 में लोहा, टीना एवं स्क्रैप का अवैध कबाड़ भरकर खरसिया की ओर आने की जानकारी मिली। पुलिस टीम द्वारा ग्राम चंद्रशेखरपुर ऐडू बरभौना चौक के पास वाहन को रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम चंचल राय पिता वृंदा राय 26 निवासी जिला आरा बिहार हाल मुकाम चंद्रशेखरपुर ऐडू थाना छाल बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 02 क्विंटल लोहे, टीना एवं स्क्रैप का कबाड़ मिला। जिसकी कीमत लगभग 20 हजार है। आरोपी द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कबाड़ को जब्ती की कार्रवाई की गई।

### सट्टा और जुआ के 9 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया एवं कोतवाली पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्रवाई करते हुए सट्टा और जुआ के मामलों में आरोपियों को पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को खरसिया शहर में एक युवक मोटरसाइकिल से घूम.घूमकर मोबाइल के माध्यम से क्रिकेट सट्टा लिखने की जानकारी मिली। पुलिस टीम द्वारा सिविल अस्पताल मेन रोड के सामने संदेही को पकड़ा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 02 मोबाइल बरामद किया गया। मोबाइल जांच में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सट्टा लेन.देन, फोनपे ट्रांजैक्शन लिंक तथा सट्टा आईडी.पासवर्ड से संबंधित डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए। पूछताछ में संदेही ने सट्टा खाईवाल रवि राठौर द्वारा आईडी.पासवर्ड उपलब्ध कराकर सट्टा लिखना स्वीकार किया। मौके से 3 हजार 300 जब्त किया गया। संदेही किशोर उम्र 17 वर्ष 6 माह पाया गया, जिसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई है। मुख्य आरोपी रवि राठौर फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

### सारंगढ़ में 8 को होगा धीरज टंडन की सुनवाई

सारंगढ़। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ में धीरज कुमार टंडन पिता मंगलचरण का 8 अप्रैल को पेशी में उपस्थिति के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में न्यायालय द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस न्यायालय में पक्षकार धीरज कुमार बनाम केदाल बाई वगैरह निवासी ग्राम सराईपाली तहसील सारंगढ़ का प्रकरण लंबित है।

### अयोध्या, काशी की यात्रा के लिए 8 तक आवेदन

सारंगढ़। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या में श्रीराम और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आगामी 15 अप्रैल और 13 मई को इच्छुक 30 दर्शनार्थियों का दल रवाना होगा। जिले के ऐसे नागरिक जो इस दल में शामिल होना चाहते हैं वो ग्रामीण है तो अपने जनपद पंचायत सारंगढ़, बरमकेला, बिलाईगढ़ में और जो शहरी हैं वो अपने नगरपालिका सारंगढ़, नगर पंचायत सरसीवा, भटगांव बिलाईगढ़, पवनी, सरिया और बरमकेला में 8 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं।

# प्रदेश में ऑटो डायवर्सन निराकरण में शीर्ष पर रायगढ़ अनुभाग

## रायगढ़ ने डिजिटल भूमि डायवर्सन प्रणाली में दर्ज की बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभागए नवा रायपुर द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु भूमि डायवर्सन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ऑटो डायवर्सन प्रणाली की शुरुआत की गई है।

इस प्रणाली के अंतर्गत नागरिक अपनी भूमि के डायवर्सन संबंधी आवेदन सीधे नागरिक सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर



निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑनलाइन चालान के माध्यम से कर सकते हैं। इससे पूरी प्रक्रिया अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है। इसी क्रम में रायगढ़ अनुभाग ने इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। अनुभाग द्वारा आवेदन प्राप्ति से लेकर ऑनलाइन चालान के माध्यम से राशि जमा कराने एवं प्रकरणों के निराकरण तक प्रभावी कार्य किया गया है। अब तक रायगढ़ अनुभाग में कुल 180 ऑटो डायवर्सन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके माध्यम से 27,09,683 रुपए सत्ताईस लाख नौ हजार छह सौ तिरासी रुपए की राशि शासन के खाते में ऑनलाइन चालान के माध्यम से जमा हुई है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ द्वारा प्राप्त आवेदनों में से 46 प्रकरणों का समय.सीमा के भीतर अंतिम आदेश जारी कर निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण जारी है। एसडीएम रायगढ़ के अनुसार यह प्रणाली प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया सरल हुई है और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। आगे भी सभी प्रकरणों का अभियान चलाकर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक कुल 770 आवेदन दर्ज किए गए हैं, जिनमें अकेले 180 आवेदन रायगढ़ अनुभाग से हैं, जो इसे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर स्थापित करता है।

## यदि संगीत महाविद्यालय भी उसी जगह बनी तो एजुकेशन हब के रूप में होगा डेवलप

# 30 एकड़ में 61 करोड़ की लागत से आकार लेगा उद्यानिकी कॉलेज और प्रयास विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि सबकुछ ठीक रहा तो अमलीभौना-कोसमनारा एक एजुकेशन हब के रुप में विकसित हो सकता है। अभी तक की स्थिति में तो वहां करीब 30 एकड़ एरिया में करीब 61 करोड़ की लागत से उद्यानिकी कॉलेज और प्रयास आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है। दोनों संस्थाओं के लिए जमीन एलॉटमेंट की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। बजट पहले से ही सेंशन है। ऐसे में आने वाले कुछ समय में यहां कंस्ट्रक्शन भी चालू हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी निर्माण एजेंसी है। टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

अमलीभौना-कोसमनारा के



आसपास ही संगीत महाविद्यालय के लिए भी जमीन ढूंढी जा रही है। अमलीभौना में जमीन लगभग फाइनल हो चुका था, लेकिन किसी कारण से अब तक वह अंतिम प्रक्रिया तक पहुंची नहीं है। यदि संगीत महाविद्यालय भी यहां बनेगा तो यहां एक व्यवस्थित एजुकेशन हब के रुप में विकसित करने की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। अभी तक की स्थिति में वहां उद्यानिकी कॉलेज और प्रयास आवासीय विद्यालय तो बनेगा। उद्यानिकी कॉलेज का निर्माण करीब 23 करोड़ में होगा। वहीं प्रयास आवासीय विद्यालय 37 करोड़ 36 लाख में बनेगा। दोनों बिल्डिंग निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चालू हो गई है।

### चार हॉस्टल बनेगा

उद्यानिकी कॉलेज में दो हॉस्टल गर्ल्स और ब्यॉज बनेगा। इसी तरह प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए भी दो हॉस्टर बनेगा। उद्यानिकी कॉलेज में रिसर्च सेंटर भी बनेगा। इसके अलावा अन्य कमरों का निर्माण होगा। कुल मिलाकर यहां सर्व सुविधायुक्त कॉलेज भवन का निर्माण होगा। यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एक शिक्षा के लिए एक अलग ही माहौल मिलेगा।

### ट्रांसपोर्टिंग की सुविधा

जहां उद्यानिकी कॉलेज और प्रयास आवासीय विद्यालय का निर्माण होगा वह एनएच 49 से लगा हुआ है। ऐसे में बच्चों को ट्रांसपोर्टिंग की सुविधा बेहतर मिलेगी। पालकों को भी आने जाने में सुविधा होगी। कुल मिलाकर सभी दृष्टिकोण से यहां पढ़ाई का एक अच्छा वातावरण निर्मित होने की उम्मीद की जा रही है।

उद्यानिकी कॉलेज का निर्माण आईसीएआर ( इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च) के मापदंडों पर होता है। जमीन एलॉटमेंट की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। बच्चों का पढ़ाई के लिए यहां एक अच्छा वातावरण मिलेगा।

**डॉ नवीन कुमार**
डीन उद्यानिकी कॉलेज

# लैलूंगा पुलिस ने पकड़ा 9 किलो गांजा, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

6 अप्रैल को लैलूंगा, पुलिस ने अवैध गांजा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लैलूंगा पुलिस को ग्राम सिहारधार में अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली। रहे हैं। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी की। मौके पर तीन संदिग्ध बैग और थैला लेकर खड़े थे। उनसे पूछताछ किया गया तो अपना नाम दिलेश्वर यादव पिता लच्छी राम यादव 19, पिण्टू यादव पिता गोमदो यादव 18 एवं गोमदो यादव पिता स्व. शोभाराम यादव 54, सभी निवासी ग्राम सिहारधार थाना लैलूंगा बताया। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गई। आरोपियों के कब्जे से 9.170 किलो गांजा, कीमत 4, लाख 35 हजार बरामद किया गया। कुल 4 लाख 45 हजार विधिवत जबत किया गया। आरोपियों द्वारा ओड़िशा से गांजा लाकर बिक्री करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 बी 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# एनडीपीए, पॉक्सो और चोरी के फरार 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार पुलिस ने अलग-अलग तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं चोरी के प्रकरणों में सभी फरार चल रहे थे। तमनार पुलिस ने बीते 26 फरवरी को गांजा तस्करी मामले में दो आरोपी. नरेश यादव और सुरेन्द्र रजवाडे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12.410 किलो गांजा जब्त किया गया था।

एक अन्य आरोपी सुबोध सा फरार चल रहा था। 6 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी सुबोध सा पिता स्व मोतीलाल सा 37 टपरिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी तरह 2 मार्च को ग्राम कसडोल स्थित घटेश्वरी मंदिर में एक बालिका के साथ छेड़छाड़ की घटना में संलिप्त आरोपी राज मलिक, लक्ष्य, राजेन्द्र यादव और एक विधि के साथ संघर्षरत बालक नामजद आरोपी था।

मामले में अन्य विधि के साथ संघर्षरत बालक और दो आरोपी . राज मलिक, लक्ष्य साहू पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी थी, जबकि आरोपी राजेन्द्र घटना के बाद से फरार चल रहा था। 6 अप्रैल को आरोपी राजेन्द्र यादव पिता हेम सागर यादव 25 को उसके गांव भैसगढ़ी से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 74,3,5 बीएनएस और 8,12 पोक्सो एक्ट गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# थाने के फर्जी सील, लेटरपैड से 31 लाख उड़ाने वाला मास्टरमाइंड शिवा आखिरकार पहुंचा सलाखों के पीछे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

पैसे डबल के झांसे से प्रदेश भर में करोड़ों की ठगी करने वाला रायकोना का कुख्यात ठग शिवा साहू आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया। जमानत पर बाहर आते ही कानून और व्यवस्था को खुली चुनौती देने वाले इस मास्टरमाइंड ने जिस तरह थाना सरसींवा की फर्जी सील और लेटरपैड तैयार कर बैंकिंग सिस्टम को गुमराह कियाए उसने पूरे प्रशासनिक ढांचे को झकझोर दिया था। लंबे समय से फरार चल रहा यह महाठग अपने साथियों पारसनाथ साहू और सूर्यकांत साहू उर्फ सोनू साहू के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह मामला सिर्फ ठगी नहीं, बल्कि जमानत की शर्तों का खुला उल्लंघन है। उच्च न्यायालय से राहत मिलने के बाद जहां एक आम आरोपी सुधरने की राह पकड़ता है, वहीं शिवा साहू ने इसे अपराध का नया अवसर बना लिया। फर्जी थाना लेटरपैड तैयार, नकली सील और दस्तावेज बनवाए, जमानत से जुड़े कागजों के साथ बैंक में पेश किए और फिर होल्ड खातों को खुलवाकर लाखों की रकम निकाल ली।

### ठगी के शिकार पीड़ितों का दर्द

प्रदेश व क्षेत्र के हजारों लोग, जिनमें ग्रामीण, शासकीय कर्मचारी और व्यापारी वर्ग शामिल हैं ने महाठग शिवा साहू के शेयर मार्केट से रकम दोगुना करने के झांसे में आकर अपनी जमीन, सोना तक गिरवी रखकर जीवनभर की गाढ़ी कमाई निवेश कर बैठे। आज वही लोग अपने ही पैसे वापस पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर, बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं, जबकि उनके सपनों की पूंजी इस महाठग की साजिश का शिकार बन चुकी है।

### पुलिस की घेराबंदी

घटना के बाद से शिवा साहू फरार था और पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। लेकिन सरसींवा पुलिस ने तकनीकी निगरानी, लगातार दबिश और मुखबिर नेटवर्क के सहारे आखिरकार उसे ट्रैक कर गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय और एसडीओपी विजय कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वीणा यादव के नेतृत्व में पूरी कार्यवाही हुई। जहाँ महाठग के पास से इनोवा कार, सेलेरियो कार, जावा मोटरसाइकिल, एक्टिवा स्कूटी, लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल फोन और कूटरचित दस्तावेज बरामद किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है, जो इस गिरोह के संगठित और अब भी संसाधन संपन्न होने की पुष्टि करता है। वहीं पूर्व में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 389/2025,390/2025 के तहत आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया।

### 31 लाख की ठगी

यह कोई साधारण निकासी नहीं थी, बल्कि पूरी तरह से पूर्व नियोजित आर्थिक हमला था। एक खाते से 21 लाख रुपए दूसरे से करीब 10.34 लाख रुपए, यानी कुल 31 लाख रुपए को बेहद सुनियोजित तरीके से सिस्टम के भीतर घुसकर निकाल लिया गया। इस पूरे ऑपरेशन में भरोसेमंद लोगों का इस्तेमाल किया गया, ताकि शक की सुई सीधे मास्टरमाइंड तक न पहुंचे। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में थाना सरसींवा उक्त अपराध में शामिल महाठग के साथियों सहित बैंक कर्मियों को भी गिरफ्तार किया गया था। जिसमे में धारा 3(5) 318(2) 336(3) 336(4) 338, 340(2) 341(1) 341(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# प्रशासन-पुलिस और जनप्रतिनिधियों के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कल होने वाले प्रस्तावित आंदोलन से पहले आज घरघोड़ा में प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय संगठनों के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सकारात्मक चर्चा के बाद कई मुद्दों पर सहमति बन गई। उस्मान बेग एवं जिला आरिफ हुसैन के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा हाल ही में कलेक्ट्रेट रायगढ़ में रोजगार, श्रमिक हितए प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीएसआर कार्य एवं अन्य जनसुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था जिसके बाद संगठन द्वारा प्लांट घेराव सहित उग्र आंदोलन की जानकारी मिली थी। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रशासन द्वारा पहल करते हुए दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम घरघोड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीएसपी सुशांतो बनर्जी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों, संगठन प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के बीच विस्तृत विचार.विमर्श हुआ। बैठक में युवाओं की ओर से स्थानीय रोजगार को लेकर प्रमुख मांग रखी गई, जिसमें कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में नियमित प्लेसमेंट कैंप आयोजित कराने‌ए प्रभावित ग्रामों के युवाओं के लिए विशेष भर्ती शिविर लगाने और उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। प्रशासन ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से रोजगार उन्मुख कार्ययोजना तैयार करने का आश्वासन दिया।

## गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

# मरीन ड्राइव निर्माण का महापौर-आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के बहुप्रतीक्षित शनि मंदिर छठघाट मरीन ड्राइव सड़क निर्माण कार्य का आज महापौर श्री चौहान एवं निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

साथ ही आम नागरिकों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके इसके लिए संबंधित ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के लिए भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री चौहान ने कहा कि यह सड़क शहर के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 70 वर्षों में पहली बार ऐसा चौक एवं सड़क निर्माण हो रहा है, जो




शहर के चारों दिशाओं को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा। इससे यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा और शहर के अंदरूनी मार्गों पर पड़ने वाला दबाव कम होगा। निगम आयुक्त ने बताया कि प्रगति नगर मरीन ड्राइव के निर्माण से खर्रा घाट से लेकर छठ घाट तक सीधी एवं सुगम सड़क की सुविधा उपलब्ध होगी। भविष्य में इस मार्ग को बोदा टिकरा पुल तक विस्तारित करने की भी योजना हैए जिससे शहर के बाहरी क्षेत्रों एवं दोनों छोर के हाईवे तक पहुंचना और भी आसान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा। इससे आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और समय की बचत होगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याएं और मांगें शामिल थीं। कलेक्टर श्री व्यास ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा के भीतर उनका निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर रोहित व्यास ने अधिकारियों को आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी संबंधित आवेदकों को समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें अपने प्रकरण की स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से जनसुविधाओं से जुड़े मामलों, जैसे पेयजल, सड़क, स्वच्छता और शासकीय योजनाओं के लाभ से संबंधित प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया।

### राष्ट्रीय अधिगम सप्ताहः 8 तक होगा साधना सप्ताह का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** मिशन कर्मयोगी के तहत राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह – साधना सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि कर्मयोगी भारत अभियान के अंतर्गत जिले में 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह मनाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक दक्षताओं, डिजिटल गवर्नेंस, व्यवहारिक प्रशासनिक कौशल एवं भूमिका आधारित प्रशिक्षण से सशक्त बनाना है, जिससे शासन की कार्यप्रणाली अधिक परिणामोन्मुखी एवं नागरिक हितैषी बन सके।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत नगर पंचायत बलौदा के वार्ड 11 आंगनबाड़ी केन्द्र 1 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा ने बताया कि आवेदन कार्यालयीन समय में ऑनलाईन लिंक के माध्यम से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से संपर्क किया जा सकता है।

### अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 10 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल की समयसीमा निर्धारित की गई थी। जिसमे वृद्धि करते हुए आवेदन अब 10 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। यह अधिसूचना भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर कैटेगरी (पुरुष) में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर ट्रेडमैन (दसवीं), ट्रेडमैन (आठवीं) अग्निवीर (महिला) सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर में नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक के लिए पंजीकरण किया जा रहा है।

---

**श्रद्धालुओं ने कलेक्टर को सौंपा स्मरण पत्र**

# अब तक नहीं खोला गया कोरोना काल से बंद कैलाश गुफा मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कैलाश गुफा मंदिर को लंबे समय से बंद रखे जाने के विरोध में श्रद्धालुओं और संत समाज के लोगों ने सोमवार को कलेक्टर को स्मरण पत्र (रिमाइंडर) सौंपकर मंदिर खुलवाने की मांग तेज कर दी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि कोरोना काल से बंद यह मंदिर आज तक नहीं खोला गया है, जिससे लोगों में आक्रोश और निराशा का माहौल बना हुआ है। स्मरण पत्र में बताया गया है कि कैलाश गुफा स्थित शिव मंदिर, पूज्य गहिरा गुरु की प्रेरणा से भक्तों एवं संत समाज के सहयोग से निर्मित एक प्रमुख आस्था केंद्र है। इसके बावजूद समिति के अध्यक्ष बभ्रुवाहन सिंह द्वारा मंदिर को बंद रखा गया है।



श्रद्धालुओं ने बताया कि 5 अक्टूबर 2025 को मंदिर खोलने के लिए ज्ञापन दिया गया था, जिस पर सनातन संत समाज के सचिव खिरेन्द्र सिंह द्वारा 45 दिनों के भीतर मंदिर खोलने का आश्वासन दिया गया था। बावजूद इसके तीन माह बीत जाने के बाद भी मंदिर नहीं खोला गया। इसके बाद 31 दिसंबर 2025 को ग्राम चुन्दापाठ में आयोजित आमसभा में समिति अध्यक्ष बभ्रुवाहन सिंह एवं प्रतिनिधि नन्दगोपाल यादव (पकरीटोली) द्वारा लिखित घोषणा करते हुए 14 जनवरी 2026 (मकर संक्रांति) तक मंदिर खोलने की जिम्मेदारी ली गई थी, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया गया।

### हुआ था श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार

स्मरण पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि मंदिर खोलने की मांग को लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस दौरान 81 वर्षीय बुजुर्ग सियाराम यादव के साथ अध्यक्ष के पुत्र राजू सिंह द्वारा 21 सितंबर 2025 को मारपीट की घटना हुई, जिससे समाज में भय और आक्रोश व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि श्रद्धालुओं की समस्या को देखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कैलाश गुफा पहुंचकर मंदिर खुलवाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन समिति अध्यक्ष द्वारा अब तक मंदिर का ताला नहीं खोला गया है। श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया है कि मंदिर के संचालन के लिए आज तक कोई विधिवत समिति का गठन नहीं किया गया है। वहीं 5 फरवरी 2026 को संत समाज द्वारा इस मुद्दे को लेकर बड़ा जन आंदोलन भी किया जा चुका है, परंतु स्थिति यथावत बनी हुई है। कलेक्टर को दिए गए स्मरण पत्र में मांग की गई है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर मंदिर को शीघ्र खुलवाए और नई समिति का गठन कर व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता बनी रहे।

### जन प्रतिनिधियों एवं उच्च अधिकारियों को भी दी प्रतिलिपि

इस संबंध में श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर विधायक, कमिश्नर सरगुजा संभाग, कलेक्टर सरगुजा तथा पुलिस अधीक्षक जशपुर को भी प्रतिलिपि प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

बहरहाल, मंदिर बंद होने के बावजूद श्रद्धालु बाहर से ही जल चढ़ाने को मजबूर हैं। श्रद्धालुओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मंदिर नहीं खोला गया तो पदयात्रा के माध्यम से आंदोलन को जिले से संभाग और प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा।

---



# फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचे संत चिन्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



क्षेत्र के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा एवं फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर बगिया में उस समय भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया, जब श्री राम कथा वाचक संत चिन्मयानंद का आगमन हुआ। मंदिर पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। संत चिन्मयानंद ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ जी एवं महादेव जी का आशीर्वाद लिया।

■ पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, दोकड़ा में भक्तिमय माहौल

इस दौरान उनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी मौजूद रहीं। उन्होंने भी भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। संत के आगमन से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

---

# जशपुर के होनहार बच्चे दो वर्ष का कर सकेंगे निःशुल्क कोर्स

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के प्रतिनिधि बिनॉय टी एवं एसएन मंडल द्वारा जशपुर सहित छत्तीसगढ़ के उत्तरी जिलों का दौरा किया जा रहा है।



इस दौरे का मुख्य उद्देश्य "मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के अंतर्गत संचालित दो वर्षीय एमबीए इन पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस का कोर्स कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, जो कि रायपुर एवं छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न इंजीनियरिंग महाविद्यालयों एवं स्नातक महाविद्यालयों का भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों को कार्यक्रम की विशेषताओं, पात्रता, एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, अधिक से अधिक युवाओं तक जानकारी पहुंचाने के लिए पंपलेट वितरण भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों की संपूर्ण फीस छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन की जाएगी तथा प्रति माह 50 हजार का आकर्षक छात्रवृत्ति भी प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को प्प्ड रायपुर में कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर भी प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है तथा इसमें राज्य शासन की आरक्षण नीति लागू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतु रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। प्प्ड रायपुर की टीम द्वारा जशपुर के सभी विकास खंडों के कालेज का भ्रमण करके विद्यार्थियों को कोर्स के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

---

# जोगीमारा में हर घर जल की सुविधा ने लोगों के जीवन को बना दिया आसान और सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के प्रयास के तहत और एक ग्राम नल कनेक्शन से लाभान्वित हुआ है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जोगीमारा भौगोलिक रूप से नजदीक होने के बावजूद लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहा। घने जंगलों और बीहड़ क्षेत्र में बसे इस गांव की एक विशेषता यह भी रही कि इसका आधा हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, जिसके कारण वहां रहने वाले परिवारों को दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर पेयजल की उपलब्धता को लेकर।

जल जीवन मिशन के लागू होने से पहले ग्राम जोगीमारा के ग्रामीण पारंपरिक जल स्त्रोतों पर निर्भर थे, जिनमें मुख्य रूप से नाला और कुआं शामिल थे। गांव का आधा हिस्सा पहाड़ों में बसे होने के कारण वहां के लोगों को पानी लाने के लिए ढलानों से नीचे उतरकर दूर स्थित जल स्त्रोतों तक जाना पड़ता था। यह कार्य अत्यंत कठिन,था विशेषकर महिलाओं के लिए। इन परिस्थितियों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर दोनों को प्रभावित किया। बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियां अधिक देखने को मिलती थीं और परिवारों को इलाज पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। साथ ही, महिलाओं का अधिकांश समय पानी लाने में ही व्यतीत हो जाता था, जिससे वे अन्य कार्यों पर ध्यान नहीं दे पाती थीं। ऐसी स्थिति में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम जोगीमारा में संगठित जल आपूर्ति प्रणाली स्थापित की गई। 10 केएल क्षमता के एक उच्च स्तरीय जलागार (ओवरहेड टैंक) के माध्यम से पूरे ग्राम में जल वितरण की व्यवस्था की गई है तथा 56 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के जरिए सभी घरों तक नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पाइपलाइन के माध्यम से गांव के प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे अब पहाड़ी क्षेत्र में बसे घरों तक भी आसानी से पानी पहुंच रहा है। वर्तमान में ग्राम के सभी घरों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन के माध्यम से नियमित रूप से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे गांव में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। अब महिलाओं को कठिन पहाड़ी रास्तों से होकर पानी लाने नहीं जाना पड़ता, जिससे उनके समय और श्रम की काफी बचत हुई है। यह बदलाव उनके जीवन को सरल बनाने के साथ-साथ उन्हें अन्य उपयोगी कार्यों के लिए समय भी प्रदान कर रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

■ 56 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के जरिए सभी घरों तक नियमित रूप से आपूर्ति हो रही पानी

---

# विश्व बंजारा दिवस आजः बागबहार में जुटेंगे लोग



### सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकजुटता बनेगा साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

8 अप्रैल को समूचा विश्व 'अंतरराष्ट्रीय बंजारा दिवस' मना रहा है। इसी कड़ी में जिले के बागबहार स्थित शिवमंदिर परिसर में एक ऐतिहासिक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। किलकिला परिक्षेत्र (रायगढ़-जशपुर) के बंजारा समाज द्वारा पहली बार किसी 'टांडा' (बंजारा बस्ती) में इतने व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर समाज के युवाओं और महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ आध्यात्मिक गुरु संत सेवालाल महाराज और गुरुनानक देव जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगा। समाज के बुजुर्गों का कहना है कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपनी जड़ों की ओर लौटने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक संकल्प है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष, सरगुजा विकास प्राधिकरण श्रीमती गोमती साय, विशिष्ट अतिथि सांसद, रायगढ़ लोकसभा राधेश्याम राठिया होंगे। विशेष उपस्थिति राहुल चौहाण (राष्ट्रीय अध्यक्ष, गौर बंजारा एकता एसोसिएशन की होगी।

---

# बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए रैपिड रिपांस टीम गठित



**जशपुरनगर।** जिले में बर्ड फ्लू (एविएन इन्फ्लूएंजा) की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास के मार्ग दर्शन में प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु 1 जिला तथा 8 विकासखण्ड स्तरीय रेपिड रिपोंस टीम का गठन किया गया है। इस दल का मुख्य उद्देश्य बर्ड फ्लू के संभावित प्रकोप की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए संक्रमण को नियंत्रित करना एवं आम जन तथा पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गठित आरआरटी में जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला के प्रभारी डॉ. सीएस चन्द्राकर, अतिरिक्त उप संचालक को टीम प्रभारी बनाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की असामान्य पक्षी की मृत्यु अथवा बीमारी की सूचना तत्काल अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान को देवें एवं अफवाहों से बचें।

---

# नियमों को ठेंगा दिखाकर एम्बुलेंस का दुरुपयोग फरसाबहार सीएचसी में चल रही मनमानी

**जशपुरनगर।** एक तरफ मरीजों को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने की शिकायतें लगातार सामने आती हैं, वहीं दूसरी ओर जशपुर जिले के फरसाबहार से स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलने वाली एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है।




सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार की एम्बुलेंस जिसका उपयोग मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए किया जाता है उसी में गैस सिलेंडर की ढुलाई की जा रही है। यह गैस सिलेंडर पोषण पुनर्वास केंद्र के लिए लाया जा रहा था, लेकिन इसके लिए एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाना कई नियमों की अनदेखी को दर्शाता है। मामले में सीएचसी के अकाउंटेंट रजनीश बुनकर की भूमिका सामने आई है, जिनके द्वारा एम्बुलेंस (मारुति ओमनी) में गैस सिलेंडर लोड कर परिवहन कराया गया। वायरल वीडियो में यह दृश्य स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है।

### क्या कहते हैं बीईओ

जब इस संबंध में फरसाबहार के विकास खंड स्वस्थ अधिकारी डॉ केके डाहिरे ने कहा कि एम्बुलेंस में गैस लाना गलत है। इस घटना की जानकारी नहीं थी। इसकी सूचना मीडिया के माध्यम से मिली है। उन्होंने भविष्य में अलग से वाहन की व्यवस्था करने की बात कही है।

---

**सूरजगढ़ का दिव्य निशान और महानगरों के कलाकार बनेंगे आकर्षण**

# पत्थलगांव में 31वें श्याम उत्सव का आग़ाज़ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शहर का श्याम मंदिर परिसर एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंगने को तैयार है। हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे के जयकारों के बीच 8 अप्रैल से 31वें श्याम उत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। मंदिर निर्माण के बाद आयोजित यह चौथा वार्षिक महोत्सव इस बार और भी अधिक दिव्य, भव्य और यादगार बनने जा रहा है।

तीन दिवसीय इस आयोजन में भक्ति की अविरल धारा बहेगी, जिसमें अखंड ज्योत, निशान यात्रा और भजन संध्या जैसे प्रमुख कार्यक्रम श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। उत्सव का शुभारंभ 8 अप्रैल को श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ से होगा। इस पावन अवसर पर रानी कौर और गुरप्रीत सिंह द्वारा श्याम पाठ का वाचन किया जाएगा, जो भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर देगा। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट और धार्मिक वातावरण से सजाया जा चुका है। दूसरे दिन श्याम सेवा समिति और श्याम सखा परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 9 अप्रैल को भव्य निशान यात्रा निकाली



जाएगी। इस यात्रा की अगुवाई सूरजगढ़ के सुप्रसिद्ध श्याम भक्त हजारीलाल इंदौरिया करेंगे। अंबिकापुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्याम मंदिर पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु जयकारों, पुष्पवर्षा और भजनों के साथ बाबा को निशान अर्पित करेंगे। श्याम बाबा को निशान अर्पित करना श्रद्धा, समर्पण और मनोकामना पूर्ति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से निशान चढ़ाने पर जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि का वास होता है।

### भजन संध्या में गूंजेंगे महानगरों के सुर

9 और 10 अप्रैल की रात श्याम मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या आयोजित होगी। मुंबई और कोलकाता से आए प्रसिद्ध कलाकार प्रमोद त्रिपाठी, जिम्मी शर्मा, विनय अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल सुमधुर भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। पत्थलगांव का 31वां श्याम उत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह आस्था, एकता और उत्साह का जीवंत प्रतीक बनकर एक बार फिर शहर को भक्ति के रंग में रंगने जा रहा है।

### श्याम सखी मंडल में उत्साह

उत्सव को लेकर महिलाओं में भी विशेष उत्साह है। सरोज गर्ग, मधु मित्तल, रीना गर्ग, भावना गोयल और श्वेता गोयल सहित श्याम सखी मंडल की महिलाएं सजावट, ज्योत पाठ और पुष्प श्रृंगार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सचिव सुनील अग्रवाल सहित समिति के सदस्यों ने बताया कि हजारों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए बैठने, प्रसाद, जलपान और पार्किंग की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

---

# अज्ञात वाहन की टक्कर से सायकल सवार अधेड़ की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

अज्ञात वाहन की ठोकर से सायकल सवार अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। घटना नगर पंचायत खरौद के इंदिरा नगर की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 5 अप्रैल की दोपहर 3 बजे नगर पंचायत खरौद के खाल्हे पारा निवासी बिलग राम नोनिया उम्र 55 वर्ष हर रोज की तरह रोजी रोटी के लिए पत्थर खदान में काम करता था। रविवार की दोपहर खाना खाने घर आया था। करीबन 3 बजे के आसपास घर से पत्थर खदान काम करने अपनी साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान इंदिरा नगर



बजरंगबली मंदिर के पास पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने टक्कर कर दिया और मौके पर साइकिल चालक बिलग राम नोनिया की मौत हो गई और वाहन भाग निकला देखते देखते मौके पर भारी भीड़ हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया गया कि राजू गुड्स लाइन शिवरीनारायण की हैं।



# अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा असरानी को देख लोग भावुक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी पूरे 14 साल बाद लौट आई है 'भूत बंगला' के साथ। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस में जैसे खुशी दौड़ गई हो। भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नजर आएंगे। एक जबरदस्त कहानी और सुपर फनी मोमेंट्स के साथ यह ट्रेलर असली लाफ्टर रायट है। अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। जहां 'भूत बंगला' के टीजर ने सिर्फ माहौल बनाया था।

## लाइफ Style



# सारा
## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।

## हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज़ करने के बाद, अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज़ में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।



# जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

**लॉस एंजिल्स।** 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं।



# शेयर किया अपनी फिटनेस सीक्रेट

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें। ग्रेसफुली उम्र को बढ़ने दें। इसमें ज्यादा न उलझें। यह तो बस एक नंबर है। आप किसी भी उम्र के हों, चाहे 20 के या 60 के, आप कमाल के हैं।



# 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े। और बोले, 'तो ऐसे बोलो ना।' फिर रंजीत पूरी एनर्जी के साथ, अपने पुराने बॉलीवुड स्टाइल में एक्सरसाइज करने लगते हैं।

## टीवी मसाला



# इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और ज़िंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताक़त की। इस शो में मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफ़र एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मक़सद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इक़बाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई जिंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख़्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज़्यादा अपनाता है। यह सफ़र उसे ज़िंदगी और इलाज दोनों को नए नज़रिए से देखने की ताक़त देता है।

## 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में



कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।

# चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

**मुंबई।** एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज होगी। पोस्टर्स पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं। एक दिन पहले जिस अंदाज में एलान किया गया था, उसके हिसाब से अधिकांश यूजर्स टीजर की उम्मीद लगाए बैठे थे। यूजर्स लिख रहे हैं, 'टीजर कब आएगा'? पोस्टर्स को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। लक्ष्य को नेटिजंस सकारात्मक रिएक्शन दे रहे हैं, वहीं अनन्या को ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स लक्ष्य को सुझाव दे रहे हैं कि वे अनन्या से दूर रहें। कुछ यूजर्स फिल्म के प्रति उत्साह जाहिर कर रहे हैं।




# 83 की उम्र में भी एक्टिव हैं बिग बी, इन फिल्मों से सिनेमाघरों में मचाएंगे धूम...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2026 और 2027 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, जिसमें साइंस फिक्शन, थ्रिलर, कोर्टरूम ड्रामा और मिथोलॉजिकल फिल्में शामिल हैं। 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अमिताभ बच्चन का फिल्मी कॅरियर 83 की उम्र में भी जारी है। अमिताभ इस उम्र में भी इतनी मेहनत करते हैं कि फैंस हैरान हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि वह एक दिन भी काम न करें तो बोर जो जाते हैं। जबकि बिग बी 2026 और 2027 की कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

**कल्कि 2 :** 'कल्कि 2' 2024 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल है। 'कल्कि 2' में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में वापसी करेंगे। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स हैं। यह भविष्य और मिथोलॉजी को मिलाकर बनी एक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म इस साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में बिग ने 'कल्कि 2' की शूटिंग खत्म होने को लेकर एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया था।

**ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव :** 'ब्रह्मास्त्र पहला भाग-शिवा' की दूसरी किस्त 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव' है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक गुरु की भूमिका निभाई है। यह मिस्टिकल और एक्शन से भरी फिल्म है। 'ब्रह्मास्त्र' हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली और दिव्य अस्त्र 'ब्रह्मास्त्र' पर आधारित है। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपनी भूमिका को दोहराएंगे।



**सेक्शन 84 :** सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। अमिताभ बच्चन इसमें एक मजबूत और गंभीर किरदार निभा रहे हैं। कहानी कानून, न्याय और इमोशंस पर आधारित है। यह फिल्म 19 नवंबर को रिलीज हो सकती है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निमरत कौर, अभिषेक बनर्जी और डायना पेंटी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**रामायण: पार्ट 1 :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में जटायु का वॉइसओवर या फिर रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। 'रामायण: पार्ट 1' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल और यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगर बिग बी 'रामायण: पार्ट 1' में नजर आते हैं, तो वह 'रामायण: पार्ट 2' का हिस्सा भी होंगे, जो दिवाली 2027 में रिलीज होगी।

## दर्शकों को घर बैठे मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज
# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।*** *सिनेमाघरों में इस वीक डकैत रिलीज होने जा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। सोमवार से एक नए वीक की शुरुआत हो चुकी है। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' की धूम मची है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होने जा रही हैं। मगर, जिन्हें घर बैठे ओटीटी पर कुछ शानदार देखना है, उनके लिए भी कई दिलचस्प विकल्प हैं। इस वीक यानी 12 अप्रैल तक ओटीटी पर भी दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलने वाला है।*

**ओ रोमियो :** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' भी थिएटर्स के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**तू या मैं :** यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। दर्शक इसे 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**थाई किझावी :** यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। थाई किझावी ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है और इसे 10 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**यूफोरिया सीजन 3 :** हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।




**थ्रैश :** यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इस वीक की ओटीटी लिस्ट में यह भी शामिल है। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं। 'थ्रैश' फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**स्टार वॉर्स- मॉल - शैडो लॉर्ड :** यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। इसके जरिए दर्शकों के लिए 'डार्थ मॉल' की कहानी रिलीज हो रही है। यह आज सोमवार 06 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। डेव फिलोनी द्वारा निर्मित यह 10 एपिसोड की सीरीज है।




**द बॉयज सीजन 5 :** यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 08 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

## खबर संक्षेप

### बटाऊपाली अ मे मनाया गया चावल महोत्सव

**कोसीर।** कोसीर समीप बटाऊपाली अ में शासन के निरदेशानुसार आज चावल उत्सव बड़े ही हरषोउल्लास के साथ मनाया गया। यहां गांव के सभी ग्रामीण और पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगो ने सरकार की इस बेहतरीन पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जरुरतमंदों तक राशन पहुंच जा रहीं है। कोई भी गरीब मजदूर वर्गों को भोजन के लिए परेशानी नहीं हो रही है। इस चावल महोत्सव को धूमधाम से मनाते हुए गावं के राशन कार्ड धारियों का स्वागत कर पूरे सम्मान के साथ राशन विक्रेता रूपलाल वारे ने एक साथ तीन महीने का राशन दिया । जिसे पाकर शुरुआत में समीर दास कुलदीप ने काफी सराहना की।

### कैंसर रोधी वैक्सीन टीकारण का शुभारंभ

**पुसौर।** महिलाओं में बढ़ते केंसर को देखते हुए किशोरी बालिकाओं को कैंसर का टीका लगाई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में बीएमओ डा. विनोद नायक, डा. दिनेश नायक सहित अन्य स्टाफ के साथ एचपीभी वैक्सीन टीकारण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य, पार्षद एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल बलराम सौंरा, मंत्री भाजपा मंडल विजय महाणा पार्षद प्रतिनिधि निराकार पटेल, भाजपा कार्यकर्ता पालुराम गुप्ता आदि उपस्थित रहे जिसमें 34 बालिकाओं का टीकारण हुआ। जानकारी के मुताबिक एचपीभी-1 बहुत ही सामान्य वायरस है लेकिन यह महिलाओं में सर्वाईकल केंसर गर्भाशय ग्रीवा का केंसर का प्रमुख कारण है यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष की लड़कियों को सिंगल डोज के रूप में लगाया जा रहा है इस वैक्सीन से यह फायदा है कि यह महिलाओं में केंसर के 90 प्रतिशत मामलों को रोकने में सक्षम है साथ ही अन्य केंसर से भी यह सुरक्षा प्रदान करेगा।

### वित्त मंत्री ने दी एम्बुलेंस 108 की सौगात

**पुसौर।** डबल इंजन सरकार की वजह से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा के लिए कटिबद्ध होकर हर संभव वो प्रयास कर रही है जिससे आए दिन प्रदेश सरकार ने इसके लिए नए नए साधन एवं सुविधा मुहैया करा रही है जिससे जहां जनता का जन जीवन सुरक्षित हो रहा है वहीं इसके जरिए कईयों को रोजगार भी मुहैया हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बीते कुछ दिन पहले ही पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को लाने ले जाने के लिए एक वाहन प्रदाय किया गया था और पुनः 108 वाहन मरीजो के लिए उपलब्ध कराया गया है जिसका लोकार्पण कार्य खंड चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद नायक एवं उनके टीम के अगुवाई सम्पन्न हुआ।

### युवा प्रकोष्ठ की हुई पहली बैठक

**रायगढ़।** जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक सोमवार 06 अप्रैल को कर्मा सामुदायिक भवन में चाय पर चर्चा के माध्यम से हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ कर्मा की आरती के साथ हुई, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने श्रद्धा के साथ भाग लेकर समाज की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। जिला साहू संघ के अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य आपसी परिचय को सुदृढ़ करना, सामाजिक गतिविधियों पर सार्थक चर्चा करना, युवा प्रकोष्ठ के विस्तार पर विचार विमर्श करना तथा योग्य साथियों को नए दायित्व सौंपने पर सहमति बनाना रहा। बैठक में अध्यक्ष डिग्रीलाल ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वे आपसी सहयोग और समन्वय के साथ संगठन को मजबूत बनाने हेतु निरंतर कार्य करें। वहीं युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही समाज की असली शक्ति हैं और उनकी ऊर्जा से ही संगठन को नई दिशा मिलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी बैठक में पदाधिकारियों की सूची जारी की जाएगी, जिसमें केवल समाज के लिए सक्रिय, मेहनती और समर्पित युवाओं को ही स्थान दिया जाएगा।

### 15 अप्रैल तक अग्रिम भंडारण पूरा करने का निर्देश

# हितग्राहियों को एक साथ मिलेगा तीन महीने की राशन, दुकानों में भंडारण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खाद्य विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। जिले में संचालित खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी 665 उचित मूल्य दुकानों में आगामी तीन माह का खाद्यान्न एकमुश्त भंडारित कर उसका सुचारु वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के भंडारण कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए सभी उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव आयोजित किया जाए और हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शेष दो माह के खाद्यान्न भंडारण कार्य को 15 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने सभी गोदामों में भंडारण एवं वितरण के लिए पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध रखने, परिवहन हेतु पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कार्य में तेजी लाने के लिए अवकाश के दिनों में भी गोदाम खुले रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा जिससे भंडारण और वितरण प्रक्रिया सुव्यवस्थित रुप से हो सके। साथ ही कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, सहायक खाद्य अधिकारी राबिया खान, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, सभी एएफओ एफआई, जिले के सभी प्रदाय केंद्रों के प्रभारी, स्टेट वेयर कॉर्पोरेशन के नोडल अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं समस्त परिवहनकर्ता उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- 665 उचित मूल्य दुकानों में होगा सुचारु वितरण



बैठक लेते एडीएम।




## 3 महीने से नहीं मिला वेतन एसईसीएल पहुंचे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

साहब, पेट की आग अब बर्दाश्त नहीं होती। तीन महीने से चूल्हा नहीं जला और जब हक मांगते हैं तो बदतमीजी मिलती है। यह करुण पुकार उन 35 लाचार मजदूरों की है जो एसईसीएल छाल उपक्षेत्र में पसीना बहाकर आवासीय परिसरों और स्कूलों को साफ सुथरा रखते हैं लेकिन बदले में उन्हें सिर्फ प्रताड़ना मिलती है।

मामला एसईसीएल छाल उपक्षेत्र के डोमनारा धरम नावापारा आवासीय परिसर और डीएवी स्कूल का है । जहाँ स्वीपर और चपरासी के पद पर कार्यरत 35 मजदूरों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिली है। ठेकेदार की मनमानी का आलम यह है कि मजदूरों की गाढ़ी कमाई पर कुंडली मारकर बैठा ऋतिक गोयल अब अपनी दबंगई पर उतारू है। मजदूरों का आरोप है कि जब वे अपनी व्यथा सुनाने जाते हैं तो ठेकेदार और उसका स्टाफ उनसे बदतमीजी करता है। हैरानी की बात यह है कि जब पीड़ति मजदूर अपनी गुहार लेकर उपक्षेत्रीय प्रबंधन कार्यालय पहुँचे तो प्रबंधन ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि एसईसीएल की ओर से ठेकेदार को राशि का भुगतान किया जा चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब प्रबंधन ने राशि जारी कर दिया तो वह राशि मजदूरों के घर पहुँचने के बजाय ठेकेदार की जेब में कैसे पहुंच गया।

**पीएफ को लेकर अंधेरे में मजदूर**

वेतन तो दूर इन मजदूरों को आज तक अपने पीएफ की जानकारी तक नहीं है। मजदूरों का कहना है कि उनके वेतन से कटौती तो दिखाई जाती है लेकिन पीएफ का पैसा कहाँ जा रहा है इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। साफ है कि ठेकेदार न केवल वर्तमान की मजदूरी डकार रहा है बल्कि मजदूरों के भविष्य की जमापूंजी पर भी गिद्ध दृष्टि गड़ाए बैठा है। एक तरफ जिला प्रशासन मजदूरों के हितों के संरक्षण के लिए बड़े बड़े दावे करते नहीं थकता वहीं दूसरी तरफ नाक के नीचे खुलेआम मजदूरों का शोषण हो रहा है। प्रशासन की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है क्या रसूखदार ठेकेदार के अड़यिल रवैये के आगे प्रशासन नतमस्तक है ।

## प्रदूषण की समस्या के लिए प्लांटों की मॉनिटिरंग, बाईपास रोड का होगा निर्माण

**रायगढ़।** जिला प्रशासन और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच त्रैमासिक संवाद कार्यक्रम आज सार्थक और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआए जिसमें जिले में संचालित विकास कार्यों, शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों और उपलब्धियों की समग्र जानकारी साझा की।

संवाद के दौरान कलेक्टर ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जिले में चल रहे विकास कार्यों शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, प्रदूषण नियंत्रण एवं अधोसंरचना विकास जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके तहत औद्योगिक इकाइयों में नियमों का सख्ती से पालन तथा अन्य प्रभावी उपाय लागू किए जा रहे हैं। नगरीय क्षेत्रों में यातायात एवं प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए बायपास निर्माण एवं विशेष कार्ययोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों पर फोकस करते हुए जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवनों के निर्माण तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक टेस्टिंग सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए नवाचारपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। खनन प्रभावित क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए संचालित नव गुरुकुल में 150 से अधिक छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैंए जिन्हें 100 प्रतिशत प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की योजना है।



**जनकल्याण और बुनियादी सुविधाओं पर रहा फोकस**

### जूटमिल मंडल में मनाया गया स्थापना दिवस



**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जूटमिल मंडल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा परिवार के साथ उपस्थिति दर्ज कर प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा हम सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र सेवाए सुशासन एवं जनकल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का संकल्प लिया। यह दिन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने का प्रेरणादायक अवसर है।

## एनटीपीसी लारा कौशल और आत्मनिर्भरता के ज़रिए ग्रामीण महिलाओं को बना रहा सशक्त

**रायगढ़।** महिलाओं को मजबूत बनाने और लगातार रोजी.रोटी कमाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए एनटीपीसी लारा ने अपनी नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत आज अरमुडा और महलोई गांवों की 30 महिलाओं के लिए एक सिलाई ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया।

इस प्रोग्राम का औपचारिक उद्घाटन प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रेखा ठाकुर ने समिति के दूसरे वरिष्ठ सदस्यों के साथ महिला प्रतिभागियों और ग्रामीणो की मौजूदगी में किया। इस मौके पर बोलते हुए, श्रीमती रेखा ठाकुर ने ज़िंदगी बदलने में स्किल डेवलपमेंट के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने महिलाओं को एक्टिव रूप से हिस्सा लेने और अपनी काबिलियत बढ़ाने और फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस की ओर रास्ता बनाने के लिए इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए हिम्मत दी। उनके मोटिवेट करने वाले शब्द प्रतिभागियों के दिलों में गहराई से बैठे, जिससे उनमें आत्मविश्वास और उम्मीद जगी। दो महीने के इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को सिलाई की पूरी जानकारी देने के लिए सोच समझकर डिज़ाइन किया गया है बेसिक टेक्नीक से लेकर एडवांस्ड टेलरिंग स्किल तक। इस पहल का मकसद महिलाओं को प्रैक्टिकल जानकारी देना है, जिससे वे अपना काम शुरू कर सकें या सेल्फ एम्प्लॉयमेंट से इनकम कमा सकें। यह प्रोग्राम एनटीपीसी लारा के कम्युनिटी डेवलपमेंट और सबको साथ लेकर चलने के लगातार कमिटमेंट को दिखाता है। स्किल बढ़ाने और एंटरप्रेन्योरशिप पर फोकस करके, यह पहल न सिर्फ महिलाओं को आर्थिक रूप से मज़बूत बनाती है, बल्कि इलाके की सामाजिक बेहतरी में भी मदद करती है। इसमें हिस्सा लेने वाली महिलाओं ने इस मौके के लिए उत्साह और शुक्रिया जताया, और सीखने और आत्मनिर्भर बनने की अपनी इच्छा दिखाई। इस ट्रेनिंग से उम्मीद है कि इसका असर दूर तक होगा, जिससे आस पास के इलाकों की और महिलाओं को स्किल बेस्ड रोज़ी रोटी कमाने के लिए प्रेरणा मिलेगी।



## आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी ग्रामीण महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले की ग्रामीण महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल बनकर उभर रही हैं।

योजना से जुड़कर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं बल्कि अपने परिवार की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्राम बड़े भंडार निवासी मथुरा कुर्रे ने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें आरएफ और सीआईएफ के तहत आर्थिक सहयोग मिला। इस सहायता से उन्होंने घर पर ही अचार, पापड़, बड़ी एवं मसाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। आज वे अपने उत्पादों को बाजार में विक्रय कर अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वे आत्मनिर्भर बन सकी हैं। इसी तरह ग्राम रूमकेरा, तहसील घरघोड़ा की जमुना सिदार पहले गृहिणी थीं। बिहान से जुड़ने के बाद उन्होंने बांस शिल्प का प्रशिक्षण प्राप्त किया और टोकरी, सूपा एवं अन्य उत्पाद बनाना शुरू किया।

उन्हें विभिन्न मेलों, विशेषकर सरस मेला में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इसे वे अच्छी खासी आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। बिहान योजना महिलाओं को केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, बल्कि कौशल विकास, आत्मविश्वास और नई पहचान भी प्रदान कर रही है।

### स्थाई आमंत्रित सदस्य बने लक्ष्मीनारायण



**चंद्रपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो चंद्रपुर मंडल में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चंद्रपुर के सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीनारायण मोंटू माली को मंडल में स्थाई आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल के मार्गदर्शन में की गई है। साथ ही भाजयुमो जिलाध्यक्ष आलोक पटेल के निर्देश एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष तिलेश माली की सहमति से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पोखराज पटेल द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

## ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिला संबल, कलेक्टर ने किया किट वितरण

**सारंगढ़।** जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने और ग्रामीण स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष में सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना के अंतर्गत स्पोर्ट्स किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों के पीटीआई व्यायाम शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने सभी व्यायाम शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया और जिले में खेल गतिविधियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिले में कुल 49 पीटीआई शिक्षक कार्यरत हैं, जो विभिन्न स्कूलों में बच्चों को खेल प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस दौरान जिले के कुल 18 हाई स्कूलों को अलग-अलग खेलों की सामग्री स्पोर्ट्स किट वितरित की गई। वितरित की गई खेल सामग्रियों में कबड्डी, एथलेटिक्स, खो खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, सॉफ्टबॉल, ताइक्वांडो और योगा से संबंधित आवश्यक उपकरण शामिल थे। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कई खिलाड़ी संभाग स्तर से लेकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है। कलेक्टर ने सभी पीटीआई शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों को खेल के प्रति अधिक से अधिक प्रेरित करें और नियमित अभ्यास कराएं, ताकि बच्चे खेलों में रुचि लेकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

## निगम आयुक्त की चेतावनीः आवेदनों का निराकरण में हुई देर तो होगी कार्रवाई

**रायगढ़।** नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को समय सीमा टीएल की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं विभिन्न जन शिकायतों से प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान 100 से अधिक आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनकी वर्तमान निराकरण स्थिति की जानकारी ली गई।

आयुक्त क्षत्रिय ने ऐसे आवेदन जिसका निराकरण अभी तक लंबित है, उसे आगामी बैठक से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करने स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि निराकरण की कार्रवाई ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें तथा आवेदकों को भी समय पर इसकी सूचना उपलब्ध कराएं। बैठक में निगम क्षेत्र के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न शिकायतों, मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 100 से ज्यादा आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त क्षत्रिय ने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को जनदर्शन एवं समय सीमा के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतने और तय समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विशेष रूप से सफाई, अतिक्रमण हटाने, निर्माण कार्यों एवं जनभावनाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं जन अपेक्षाओं से जुड़े आवेदनों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

समय सीमा बैठक में सभी आवेदनों पर निराकरण की स्थिति एवं समय सीमा दर्ज करते हुए इसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान आयुक्त श्री क्षत्रिय ने किसी भी विभाग द्वारा समय पर प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही नहीं की जाती हैए तो संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे वित्त मंत्री ने किया भाजपा के स्थापना दिवस का स्मरण



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ब्रह्मपुत्र नदी किनारे भाजपा के स्थापना दिवस पर झंडा फहराते हुए भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी का जय कारा लगाया। भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहा जय भाजपा, तय भाजपा। स्थापना दिवस से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए ओपी ने कहा 1980 में अरब सागर के तट पर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में मुंबई में भाजपा का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था। 6 अप्रैल आज ही के दिन हमारी पार्टी भाजपा की स्थापना हुई थी। आज असम चुनाव के बीच में ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे भाजपा की स्थापना दिवस का स्मरण कर झंडा फहरा रहे हैं। आज भाजपा देश, विभिन्न प्रदेशों, नॉर्थ ईस्ट, असम, सहित हमारे छत्तीसगढ़ और पूरे देश के लिए सबसे आवश्यक पार्टी है। जहां भाजपा है, वहीं पर विकास और सुशासन संभव हो पाया है। नॉर्थ ईस्ट के निवासी भाजपा के सुशासन को महसूस कर रहे है। ओपी ने देशवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई दी।

